<u>देवी अहिल्या विश्वविद्यालय, इन्दौर</u>

विश्वविद्यालय भवन,
इन्दौर – 452001

क्रमांक :– गोप./ प्रा. प./2023/731

दिनांक :– 1 DEC 2023

// सूचना //
प्रायोगिक परीक्षा के संबंध में

अपर सचिव म.प्र शासन उच्च शिक्षा विभाग के पत्र क्रमांक 893/सी.सी./2021/अड़तीस/ दिनांक 16/11/2021 के परिप्रेक्ष्य में निर्देशानुसार सूचित किया जाता है कि देवी अहिल्या विश्वविद्यालय की सत्र 2023–24 की **स्नातकोत्तर स्तर के प्रथम, एवं तृतीय सेमेस्टर** की परीक्षा के नियमित/भूतपूर्व एवं स्वाध्यायी विद्यार्थियों की प्रायोगिक परीक्षा परीक्षार्थियों की भौतिक रूप से उपस्थिति के साथ संपन्न कराना है। स्नातकोत्तर स्तर के तृतीय सेमेस्टर के नियमित एवं स्वाध्यायी छात्रों की प्रायोगिक परीक्षा एक साथ सम्पन्न की जाना है। **स्नातकोत्तर स्तर के तृतीय सेमेस्टर** की प्रायोगिक परीक्षा **30 दिसम्बर 2023** तक संपन्न करा ली जायें।

अभी स्नातकोत्तर स्तर के प्रथम वर्ष की नामांकन प्रकिया सम्पन्न नहीं हुई है। इसलिए प्रथम वर्ष की प्रायोगिक परीक्षा नामांकन प्रकिया एवं परीक्षा फार्म भरने के पश्चात प्रथक से संपन्न करवायी जावेगी।

2/ सत्र 2023–24 स्नातकोत्तर स्तर के प्रथम एवं तृतीय सेमेस्टर के स्वाध्यायी विद्यार्थियों की प्रायोगिक परीक्षा उसी महाविद्यालय में सम्पन्न होगी जहॉं उक्त कक्षाओं का नियमित अध्यापन कार्य होता है । अतएव स्वाध्यायी विधार्थी उसी महाविद्यालय में पंजीयन कराये, जहॉं वांछित विषय/पाठ्यकम का नियमित अध्यापन कार्य होता हो एवं उक्त विषय के शिक्षक उपलब्ध हो।

3/ अतः समस्त स्वाध्यायी परीक्षार्थियों को सूचित किया जाता है कि प्रायोगिक परीक्षा से पूर्व संबंधित महाविद्यालय में अपना पंजीयन अवश्य कराये एवं प्रायोगिक परीक्षा की निश्चित तिथि एवं समय के संबंध में महाविद्यालय के प्रधानाचार्य /प्रधानाचार्या अथवा संबंधित विषय के विभागाध्यक्षों से सम्पर्क स्थापित कर निर्धारित तिथि पर प्रायोगिक परीक्षा में सम्मिलित होवें।

4/ महाविद्यालय के प्रधानाचार्य/ प्रधानाचार्या, विद्यार्थियों की जानकारी के लिए प्रायोगिक परीक्षा की तिथि नोटिस बोर्ड पर आवश्यक रूप से चस्पा करेगें।

परीक्षा नियंत्रक

पृष्ठा. क्रमांक : गोप./ प्रा.प/2023/731

दिनांक :– 1 DEC 2023

प्रतिलिपिः–

1/ सम्पादक महोदय, दैनिक .... इन्दौर की ओर अग्रेषित कर निवेदन है कि अपने लोकप्रिय समाचार–वृत्त के रूप में निःशुल्क प्रकाशित करने का कष्ट करें।

2/ प्रधानाचार्य/प्रधानाचार्या/विभागाध्यक्ष , संबंधित महाविद्यालयों की ओर आवश्यक कार्यवाही हेतु अग्रेषित कर निवेदन है कि सूचना–पत्र की एक प्रति आवश्यक रूप में महाविद्यालय के सूचना–फलक पर लगाने की व्यवस्था करें ताकि छात्रों को प्रायोगिक कार्य के संबंध में समय रहते जानकारी प्राप्त हो सकें एवं समयचक्र की एक प्रति विश्वविद्यालय को भेजने का कष्ट करें ।

3/ समस्त विश्वविद्यालय अधिकारियों/कुलपति के सचिव/कुलसचिव के निज सहायक, अधीक्षक (परीक्षा) एवं संबंधित परीक्षा विभाग के सहायकों की ओर सूचनार्थ अग्रेषित ।

4/ विभागाध्यक्ष, आई.टी. सेन्टर, देवी अहिल्या विश्वविद्यालय तक्षशिला परिसर, खण्डवा रोड इन्दौर की ओर सूचनार्थ है कि उक्त जानकारी विश्वविद्यालय की वेबसाईट पर अनिवार्यतः अपलोड करे।

5/ विभागाध्यक्ष, कम्प्यूटर विभाग सेल दे.अ.वि.वि., इन्दौर की ओर सूचनार्थ प्रेषित है कि उक्त दिनांक तक स्नातकोत्तर स्तर के तृतीय सैमेस्टर की लिंक खोली जाये।

सहायक कुलसचिव (गोप.)

raiji letter 2023